कार्यक्रम का नाम– निर्वाचक साक्षरता क्लब, डायट बागेश्वर द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम।

लक्ष्य समूह– जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बागेश्वर के 87 प्रशिक्षु

उद्देश्य– द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण के अंतगर्त जहां प्रशिक्षु विभिन्न प्रकार के शिक्षण की विधियों, प्रविधियों का सैद्विान्तिक अध्ययन करते हैं वहीं दूसरी ओर एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में भी तैयार होते हैं और इकसे अंतगर्त वे विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमों यथा वृक्षारोपण, स्कूल चलो अभियान, नशा मुक्ति अभियान, स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरूकता अभियान, पर्यावरण संरक्षण अभियानों के माध्यम से स्वयं तो संवेदनशील और चेतनशील बनते ही हैं वहीं दूसरी तरफ समाज को भी जागरूक करने और उनमें चेतना लाने का कार्य करते हैं।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षुओं में लोकतांत्रिक गुणों का विकास करना, प्रत्येक मतदाता की महत्ता और उपयोगिता को समझना, चुनाावों को लोकतंत्र के पर्व के रूप में समझना, एक–एक मत की महत्ता का जानना, समझनाा जैसे गुणों का विकास करना तथा स्वयं के साथ साथ समाज को जागरूक करने में कुशल बनाना भी इस कार्यक्रम का उद्देश्य था।

कार्यक्रम की अवधि– 01 जनवरी से 25 जनवरी 2023 के मध्य

प्रतिभागिता– 87 (सत्तासी) डी0एल0एड0 प्रशिक्षु शिक्षक

परिणाम– कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षुओं ने मतदाता के महत्व को जाना समझाा तथा अपने और प्रत्येक मतदाता के मत को स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए आवश्यक जाना। कार्यक्रम पश्चात प्रशिक्षुओं द्वारा अपने अड़ोस पड़ोस, क्षेत्र व समाज के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया । प्रशिक्षुओ के इस सार्थक प्रयास के लिए जिलाधिकारी बागेश्वर अनुराधा पाल, आई0ए0एस0 द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बागेश्वर को निर्वाचकीय शिक्षा, मतदाता जागरूकता के लिए प्रमाण पत्र एवं पुरूष्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की कुछ झलकियां चित्रों के माध्यम से–



कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी बागेश्वर

प्रशस्ति-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि निर्वाचकीय साक्षरता क्लब (ELC) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बागेश्वर द्वारा विधान सभा उप निर्वाचन 2023 में निर्वाचकीय शिक्षा, मतदाता जागरूकता के निर्वाचकीय प्रक्रिया में भाग लेने में किए लिए किए गये प्रयासों की सराहना की जाती है।

(आर.सी.तिवारी)
मुख्य विकास अधिकारी/
नोडल अधिकारी स्वीप SVEEP बागेश्वर

(अनुराधा पाल)
(आई.ए.एस.)
जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी
बागेश्वर

स्थान- बागेश्वर
दिनांक- 25 जनवरी 2024

''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम''